भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.4039

(13 अगस्त, 2015 को उत्तर दिए जाने के लिए)

## ग्रामीण योजनाएं

**4039. श्री जुगल किशोरः**

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में चलाई जा रही ग्रामीण विकास योजनाओं के नाम और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इन योजनाओं को पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री सुदर्शन भगत)

(क) : ग्रामीण विकास मंत्रालय दीन दयाल उपाध्याय कौशल्य योजना के तहत जम्मू और कश्मीर सरकार के माध्यम से "हिमायत" नामक एक प्रशिक्षण सह-रोजगार कार्यक्रम का कार्यान्वयन कर रहा है। हिमायत के अन्तर्गत 07 अगस्त, 2015 तक कुल 47,286 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया है और 38,155 अभ्यर्थी नियोजित हो चुके हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यक्रम के तहत जम्मू और कश्मीर सरकार का राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन "उम्मीद" नामक कार्यक्रम का कार्यान्वयन कर रहा है, जिसका उद्देश्य गरीबों के लिए मजबूत जमीनी स्तर की संस्थाओ का निर्माण करके, उन्हें लाभदायी आजीविका पहलें उपलब्ध कराके और स्थायी आधार पर उनकी आय में पर्याप्त वृद्धि सुनिश्चित करके गरीबी कम करना है। आशा है कि "उम्मीद" कार्यक्रम के तहत 9,00,000 महिलाओं को बचत एवं ऋण कार्यक्रमों पर आधारित स्व-सहायता समूहों और संघों में संगठित किया जाएगा। इसके अलावा, मंत्रालय रोजगार के अवसरों के सृजन, अवसंरचना और सामाजिक सहायता के माध्यम से ग्रामीण आजीविकाओं की बेहतरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए जम्मू और कश्मीर राज्य में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, इंदिरा आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम नामक चल रही ग्रामीण विकास योजनाओं का कार्यान्वयन कर रहा है।

(ख) से (ग): सरकार ने 12वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के अंत तक चल रही हिमायत परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य रखा है। उम्मीद कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष 2013-14 से पांच वर्ष की अवधि में राज्य के दो तिहाई ग्रामीण परिवारों को कवर करना है।

*****